**प्रेस नोट**

# श्री मीणा राज्यमंत्री ने किया
## जिला सहकारी बैंक खामखेड़ा समिति का लोकार्पण

**विदिशा 25.1.17**

प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खामखेड़ा के नवनिर्मित गोदाम का लोकार्पण मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री माननीय श्री सूर्यप्रकाश मीणा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर माननीय श्री सूर्यप्रकाश मीणा राज्यमंत्री द्वारा फीता काटकर गोदाम का शुभारंभ किया गया।

समिति खामखेड़ा के अध्यक्ष एवं समस्त संचालक मंडल द्वारा माननीय श्री सूर्यप्रकाश मीणा जी का भव्य माला से स्वागत किया गया एवं शॉल श्रीफल भेंट किया गया। स्वागत के क्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. विदिशा की शाखा बर्रो की समस्त समितियों के संचालक मंडल एवं कार्यालयीन स्टाफ द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया एवं शॉल श्रीफल भेंट किये गये।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं म. प्र. शासन के राज्यमंत्री श्री सूर्यप्रकाश मीणा जी ने कहा कि, 500 मी. टन की यह नवनिर्मित गोदाम का लोकार्पण आज किया जा रहा है जिसके लिए मैं बैंक अध्यक्ष सहित समस्त खामखेड़ा समिति के संचालक मंडल एवं सभी किसान भाईयों को बधाई देता हूँ। श्री मीणा ने बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि, जब से जिला सहकारी बैंक विदिशा के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला है तब से बैंक व सहकारिता के हित में निरंतर कार्य कर रहें हैं। उन्होंने बैंक अध्यक्ष में कार्य करने के जज्बे की सरहाना की। श्री मीना ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह दांगी, बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मुझे संगठन ने विकास कार्यों का शिलान्यास, शुभांरभ, लोकार्पण एवं  विकास कार्यों की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। जिस पर हम तीनों निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री जी ने जब से प्रदेश का कार्यभार संभाला है तब से उनके द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही हैं जिनका अनुशरण पूरे देश में किया जा रहा है। अब मध्यप्रदेश की विकसित राज्यों में गिनती होने लगी है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वर्णिम मध्यप्रदेश की कल्पना कर रहे हैं जिसे पूरा करना ही उनका लक्ष्य है। किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए श्री मीना ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के माध्यम से फलोद्यान, सब्जी की खेती बाड़ी, पॉली हाउस के माध्यम से खेती करना चाहिए इस उद्यानिकी विभाग से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि, नवनिर्मित समिति खामखेड़ा की गोदाम से निश्चित रूप से किसानों को सुविधा मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रत्येक समिति के स्वयं के गोदाम हो ऐसी योजना हम तैयार कर रहे हैं साथ ही बैंक शाखाओं के भवन भी अपने हों। बैंक अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि, माननीय मीणा जी द्वारा इस गोदाम हेतु स्थान की उपलब्धता करायी गयी जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद करता हूॅ। इस वर्ष खाद की जिले में कमी नहीं आयी है। प्रत्येक व्यक्ति की समस्या के समाधान हेतु हमारी सरकार बैंक से लेकर जिला पंचायत तक आपके साथ है। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 72 जनकल्याणकारी योजनायें वर्तमान में चलायी

जा रही है जिससे काफी संख्या में लोग लाभांवित हो रहे हैं। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र संपूर्ण म. प्र. में नं. 1 का स्थान रखता है इस बात का पूरा श्रेय हमारी माननीय मंत्री को जाता है। सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन यदि सुचारू रूप से कहीं चल रहा है तो वह शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में। पढ़ाई के लिए गांव गांव में स्कूल खोल दिए गए हैं, चिकित्सा की सुविधा प्रत्येक गांव में हो गयी है अब किसी को विदिशा जाने की आवश्यता नहीं रही, पहले सड़के नहीं हुया करती थी पंरतु आज न केवल गांव बल्कि किसानों के खेतों को भी सड़क से जोड़ने की योजना हमारी सरकार ले आयी है। आज से 15 वर्ष पूर्व लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे थे पंरतु अब फिर से लोगों का गांवों की तरफ रूझान हुआ है क्योंकि शहरी सुविधाओं अब गांवों में मिल रही हैं। बिजली 24 घंटे, 100 डायल पर पुलिस घटना स्थल पर त्वरित पहुंच रही है जिससे अपराधों में निरंतर गिरावट हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि गांव खुशहाल होंगे तभी प्रदेश खुशहाल होगा और देश खुशहाल होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि, बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा निरंतर जिले में सहकारिता के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। अभी हाल ही में गोदामों का लोकार्पण हम कर चुके हैं बैंक की शाखा बासौदा में लॉकर रूम का शुभांरभ किया गया है। बैंक द्वारा गरीब आवासहीन परिवारों के लिए भी मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन द्वारा घर बनाये गये हैं। उन्होंने नवीन गोदाम हेतु खामखेड़ा के कृषक बंधुओं और बैंक, समिति प्रबंधन को बधाई दी।

गोदाम लोकार्पण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं विदिशा जिले के कलेक्टर श्री अनिल सुचारी ने केशलेस ट्रांजेक्शन को बढावा देने हेतु बात कही। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र चौधरी जी ने बैंक प्रबंधन को गोदाम शुभारंभ पर बधाई दी।

इस अवसर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री शैलेन्द्र ठाकुर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्री दिनेश बघेल, सहकारिता आयुक्त अमरेश कुमार सिंह, बैंक के सी. ई. ओ. श्री विनय प्रकाश सिंह, बैंक के विपणन अधिकारी श्री व्ही. के साहू, सहित शाखा बर्रो से संबद्ध समिति बर्रो, खामखेड़ा, करेला, करैया, धमनोदा व खमतला के संचालक मंडल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व किसान बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बैंक संचालक श्री भगवान सिंह धाकड़ द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन बैंक के प्रबंधक लेखा श्री दिनेश शर्मा द्वारा किया गया।

**प्रति,**

**प्रतिनिधि / ब्यूरो चीफ**
**दैनिक ..........................**
**विदिशा**